**तत्काल प्रकाशन के लिए:**

22 अप्रैल, 2020

**संपर्क करें:**

संचार प्रबंधक, रोसीओ कैंपोस

rocio@globalnetworkinitiative.org

info@globalnetworkinitiative.org

@theGNI

**टेक और टेलीकॉम कंपनियां वैश्विक नेटवर्क पहल के सिद्धांतों को अभिव्यक्ति और गोपनीयता की स्वतंत्रता के लिए लागू कर रही है**

वाशिंगटन, डीसी / एम्स्टर्डम / लंदन - ग्लोबल नेटवर्क इनिशिएटिव (GNI) ने स्वायत्त कंपनी आंकलन के अपने तीसरे दौर को पूरा किया और 11 सदस्य कंपनियों, जिनमें Facebook, Google, Microsoft, Millicom, Nokia , Orange, Telefónica, Telenor Group, Telia Company, Verizon Media और Vodafone Group शामिल है, की 2018/2019 की सार्वजनिक आंकलन रिपोर्ट प्रकाशित की है। दूरसंचार संचालकों और विक्रेता कंपनियों का यह पहला GNI आंकलन था।

GNI स्वायत्त परिषद के अध्यक्ष स्टीफेंस ने कहा, "ये आंकलन जाहिर करते हैं कि कैसे ICT कार्यक्षेत्र के विभिन्न हिस्सों की कंपनियां सेंसर-कार्य, निगरानी और नेटवर्क बंद करने के सरकारी अनुरोध के साथ अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता के अधिकार को अपने संचालन में एकीकृत कर रही हैं।"

आंकलन प्रक्रिया GNI के नागरिक समाज, शैक्षणिक और निवेशक परिषद के सदस्यों ("गैर-इकाई परिषद के सदस्यों") की अनुमति के आधार पर विकसित की गई है, जो सदस्य कंपनी के प्रयासों में अंतर्दृष्टि और गोपनीयता के आधार पर ("GNI के सिद्धांतों") GNI सिद्धांतों को लागू करने का प्रयास करती है। स्वतंत्र आंकलनकर्ताओं द्वारा प्रारूपित गोपनीय रिपोर्टों के विस्तृत मूल्यांकन और मूल्यांकनकर्ताओं और सदस्य कंपनियों के सवाल-जवाब के आधार पर, GNI के बहुशेयरधारक परिषद के निदेशकों ने आंकलन की समीक्षा की और निर्धारित किया कि

GNI के सिद्धांतों को समय के साथ संशोधन-पूर्वक लागू करने के लिए प्रत्येक कंपनी सद्भावपूर्ण प्रयास कर रही है।

व्यापार और मानवाधिकार के निर्देशक अरविंद गणेशन ने मानवाधिकार निगरानी पर कहा, "GNI मूल्यांकन, मानवाधिकार समूहों को नीतियों और प्रक्रियाओं की जांच के लिए एक अद्वितीय तंत्र प्रदान करता है। कंपनियों को सरकारी सेंसर-कार्य और निगरानी की माँगों का आंकलन करना होगा और यह भी देखना होगा कि क्या कंपनियां GNI सिद्धांतों को व्यवहार में ला रही हैं और समय के साथ अपने प्रदर्शन में सुधार कर रही हैं।"

GNI परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त, स्वतंत्रता और सक्षमता मानदंडों को पूरा करने के लिए, मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा GNI आकलन टूलकिट के अनुसार, स्वतंत्र मूल्यांकन आयोजित किए गए थे। जिसमें GNI द्वारा स्थापित स्वतंत्रता और योग्यता मानदंड थे और इसका इस्तेमाल अनिवार्य मूल्यांकनकर्ता प्रशिक्षण में किया गया था। मूल्यांकनकर्ताओं को सुरक्षित सेटिंग्स द्वारा प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ जानकारी तक पहुंच प्रदान की गई थी। उनके पास प्रमुख कंपनी के कर्मियों तक भी पहुंच थी, जिसमें फ्रंटलाइन समूहों से लेकर वरिष्ठ प्रबंधन तक कुल 125 साक्षात्कार आयोजित किए गए। मूल्यांकन में 86 मामलों के अध्ययन की एक समीक्षा शामिल हैं, जिसमें यह दिखाया गया है कि कंपनियां सरकार के अनुरोध और व्यवहार के दौरान मांगों से कैसे निपटती हैं। GNI परिषद ने 11 कंपनी के मूल्यांकन रिपोर्ट की समीक्षा का निर्धारण करने के लिए, प्रत्येक कंपनी और मूल्यांकनकर्ता के साथ विस्तृत चर्चा में भाग लेने के लिए 2019 के दौरान चार बार मुलाकात की।

फॉले होआग एलएलपी में सहयोगी, एक मान्यता प्राप्त GNI आंकलनकर्ता, गेयर स्मिथ ने कहा, "मूल्यांकन प्रक्रिया उपयोगकर्ताओं को प्रचुर सूचना प्रदान करने के साथ सुरक्षा प्रदान करने के दौरान, कंपनी की पारदर्शिता बढ़ाने का प्रयास करती है।"

सार्वजनिक रिपोर्ट कंपनी के आंकलन से निष्कर्ष साझा करती है। भविष्य के साझा शिक्षण के लिए क्षेत्रों और विकास के बिंदु को रिपोर्ट में पहचाने गए हैं। इसमें आगे के विचार शामिल हैं कि कैसे कंपनियां अपने व्यावसायिक कार्यों में GNI सिद्धांतों को एकीकृत करती हैं, इसके अतिरिक्त कंपनियों के अंदर प्रशिक्षण प्रयासों को बढ़ाने और इसके विस्तार के तरीके, और विकासशील टूल बनाने और मानव अधिकार उचित परिश्रम और प्रभाव मूल्यांकन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन करना है।

GNI मूल्यांकन प्रक्रिया प्रारूप से गोपनीय है। यह कंपनियों को सरकारी अनुरोध के संवेदनशील मामलों को GNI के गैर-इकाई परिषद के सदस्यों के साथ साझा करने और चर्चा करने की अनुमति देता है। यह GNI के सिद्धांतों को लागू करने के लिए आंतरिक कंपनी प्रणालियों और प्रक्रियाओं की चर्चा करने की भी अनुमति देता है।

GNI मूल्यांकन प्रक्रिया से पता चलता है कि कैसे ICT कार्य-क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां अभिव्यक्ति और गोपनीयता के सिद्धांतों की मौलिक स्वतंत्रता पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानून और वचनबद्धता, सहयोग, साझा सीखने और सार्वजनिक नीति के लिए प्रतिबद्ध, एक सामान्य सेट के लिए वचनबद्ध हो सकती है।

**GNI के बारे में**

ग्लोबल नेटवर्क इनिशिएटिव (GNI) को 2008 में शुरू किया गया था। हमारा लक्ष्य जिम्मेदार निर्णय लेने के साथ सरकारी पाबंदियों और जरूरतों के वक्त में मल्टिस्टेक धारक की एक आवाज के रूप में सेवा प्रदान करने का एक अंतर्राष्ट्रीय मानक स्थापित करके सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) क्षेत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और निजता के अधिकारों की रक्षा करना और उसे बढ़ावा देना है। GNI के सदस्यों में ICT कंपनियां, नागरिक समाज संगठन (मानवाधिकारों और प्रेस स्वतंत्रता समूहों सहित), शिक्षाविदों, शैक्षणिक संस्थानों और दुनिया भर के निवेशक शामिल हैं। GNI के सदस्यों और पर्यवेक्षकों की पूरी सूची देखें।

**GNI के सिद्धांतों के बारे में**

जब कंपनियां GNI में शामिल होती हैं, तब वे GNI सिद्धांतों और कार्यान्वयन दिशानिर्देशों के लिए प्रतिबद्ध होती है। वे दुनिया भर में उपयोगकर्ताओं की अभिव्यक्ति और गोपनीयता की स्वतंत्रता का सम्मान करने के लिए, ICT उद्योग और इसके हितधारकों को मार्गदर्शन के लिए एक रूपरेखा प्रदान करती हैं। GNI सिद्धांत अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों और मानकों पर आधारित हैं, और व्यवसाय और मानव अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शन सिद्धांतों द्वारा सूचित किया जाता है।

**GNI स्वायत्त इकाई मूल्यांकन के बारे में**

जब कंपनियां GNI में शामिल होती है, तब वे GNI के मूल्यांकन प्रक्रिया में भाग लेकर स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन किए गए GNI सिद्धांतों के उनके कार्यान्वयन के लिए सहमत होती हैं। मूल्यांकन प्रासंगिक आंतरिक प्रणालियों, नीतियों

और सिद्धांतों ("प्रक्रिया की समीक्षा") को लागू करने के लिए प्रक्रियाओं से निर्मित है, और विशिष्ट मामलों या उदाहरणों ("मामलों"  की समीक्षा ") का एक मूल्यांकन  है जो दिखाती है कि कंपनी उन्हें व्यवहार में कैसे लागू कर रही है ("मामलों"  की समीक्षा ")। 2018/2019 कंपनी मूल्यांकन के बारे में अधिक जानें।